भारत सरकार

कौशल विकास और उद्‌यमशीलता मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1175**

उत्तर देने की तारीख- 28 जुलाई 2025

सोमवार, 06 श्रावण, 1947 (शक)

**"महिलाओं के लिए कृत्रिम बुद्‌धिमत्ता करियर" पहल**

1175. श्री भरतभाई मनुभाई सुतारिया:
श्री प्रदीप कुमार सिंह:
श्री जशुभाई भिलुभाई राठवा:
श्री कृपानाथ मल्लाह:
श्री जुगल किशोर:
डॉ. जयंत कुमार राय:
श्रीमती बिजुली कलिता मेधी:
सुश्री बाँसुरी स्वराज:
श्री जगदम्बिका पाल:

क्या कौशल विकास और उद्‌यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) "महिलाओं के लिए कृत्रिम बुद्‌धिमत्ता करियर" पहल से लाभान्वित महिलाओं की संख्या कितनी है;

(ख) क्या सरकार का देश भर में महिलाओं के अधिक समावेशन और डिजिटल सशक्तिकरण को सुनिश्चित करने के लिए इस पहल को वर्तमान छह राज्यों से आगे विस्तारित करने का विचार है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

कौशल विकास और उद्‌यमशीलता मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री जयन्त चौधरी)

**(क) से (ग)** महिलाओं के लिए एआई करियर एक गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम है जो ग्रामीण स्नातक महाविद्यालयों में महिलाओं और लड़कियों को 320 घंटे का प्रशिक्षण प्रदान करता है। यह कार्यक्रम अप्रैल, 2025 में शुरू किया गया था और इसका पाठ्यक्रम तैयार किया जा रहा है। चार राज्यों के हब कॉलेजों में 8 उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने की प्रक्रिया भी चल रही है। प्रशिक्षण अगस्त, 2025 में शुरू करने की योजना बनाई गई है और पहले वर्ष (जून, 2026 तक) के दौरान, 8000 लड़कियों को प्रशिक्षण देना और उनके लिए आर्थिक अवसर उपलब्ध कराना कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य होगा। वर्तमान में इस कार्यक्रम की परिकल्पना दो वर्षों के लिए की गई है जिसमें 30 हब केंद्र और 150 स्पोक केंद्र स्थापित किए जाएँगे और प्राप्त अनुभवों व परिणामों के आधार पर, कार्यक्रम को बढ़ाने पर विचार किया जाएगा।

*****